Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, website: www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I No. 51097/90　DN/XXX/18-20　Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है


अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६　अंक-१८　इलाहाबाद रेल समाचार ब्यूरो　१६-३० सितंबर २०१८　पृष्ठ ०८　मूल्यः१० रु.मात्र

## कार्यालयों से निकाल कर हिन्दी को बनायें जन विमर्श की भाषा : उपराष्ट्रपति

प.सू.का./नई दिल्ली। हिंदी दिवस के अवसर पर सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांकः १४.०६.२०१८ को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, माननीय उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने कहा कि "किसी भाषा का उत्सव एक दिवस के रूप में मनाना अपने आप में भाषा के विस्तार, सामाजिक जीवन के विभिन्न आयामों में उसकी व्यापकता को सीमित करता है। भाषा राजकीय उत्सवों से नहीं बल्कि जनसरोकारों और लोक पंरपराओं से सम द्ध होती है।" उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना होगा कि आज तक हम हिंदी को उसके उचित स्थान तक नहीं पहुंचा पाये हैं। आज भी हमारा राजकीय कार्य प्रायः अंग्रेजी में ही होता है।



उपराष्ट्रपति ने राजभाषा विभाग से संविधान की धारा ३५१ के अंतर्गत अपेक्षाओं के प्रति सजग रहने को कहा, जिसमें हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में सौहार्द और सामंजस्य की अपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा यह अपेक्षा की गई थी कि "संघ हिंदी के प्रसार के लिए प्रयत्न करेगा और हिंदी को इस प्रकार विकसित करेगा कि वह देश की मिलीजुली संस्क ति को अभिव्यक्त कर सके। संघ से यह भी अपेक्षा थी कि हिंदी को सम द्ध बनाने के लिए संस्क त, हिन्दुस्तानी और अन्य भारतीय भाषाओं के मध्य सतत् संवाद को प्रोत्साहन देगा। जहां तक संभव हो भारतीय भाषाओं के शब्द, मुहावरे, लोकोक्तियों से हिन्दी को सम द्ध किया जायेगा।" इस संबंध में उपराष्ट्रपति ने छोटे ऑनलाइन कोर्स विकसित करने की सलाह दी। इस अवसर पर ग हमंत्री राजनाथ सिंह, राज्यमंत्री हंसराज अहीर और किरण रीजीजु की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति ने विभिन्न श्रेणियों में सरकारी मंत्रालय, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और सरकारी संस्थाओं को हिंदी में कार्यकलाप करने के लिये ६६ पुरस्कार दिये।

## रेल मंत्रालय ने की स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत
## स्वच्छता को महात्मा गांधी ने माना राष्ट्र की सेवा एवं ईश्वर की आराधना के समान- रेलमंत्री

प.सू.का./नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५० वीं जयंती का समारोह मनाने के लिए दिनांक १५.०६.२०१८ रेल मंत्रालय ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत कि, जो कि १५ सितंबर से २ अक्टूबर २०१८ तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पहले दिन सभी जोन, डिवीजन, उत्पादन इकाइयों एवं कार्यशालाओं तथा रेल सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) सहित अपने पूरे नेटवर्क पर' स्वच्छता ही सेवा अभियान' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम इस पखवाड़े का आरंभ सभी जोन, डिवीजन, उत्पादन इकाइयों एवं कार्यशालाओं तथा रेल सार्वजनिक उपक्रमों सहित रेलवे के पूरे नेटवर्क पर सभी रेल कर्मचारियों



को स्वच्छता संकल्प दिलाने के साथ हुआ। इसके बाद, रेल कर्मचारियों ने स्वच्छताग्रहियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये रेवाड़ी कार्यशाला में रेल कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की एवं स्व्च्छता की दिशा में रेल कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सभी रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वहां उपस्थित लोगों को स्वच्छता संकल्प दिलाने के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आरंभ किया एवं श्रमदान में भी भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री गोयल ने कहा कि' यह सर्वविदित है कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्र की सेवा एवं ईश्वर की आराधना के समान माना। वास्तव में, उन्होंने स्व्च्छता को ईश्वर की आराधना से भी अधिक महत्वपूर्ण माना।

इसके बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्विनी लोहानी ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता संकल्प दिलाया तथा एवं रेलवे बोर्ड एवं बड़ौदा हाउस में आयोजित श्रमदान में भाग लिया।

## राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत रेल मंत्रालय को प्रथम पुरस्कार

प.सू.का./नई दिल्ली। राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए रेल मंत्रालय को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार भारत के उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडु द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर दिनांक १४.०६.२०१८ को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दिया गया। रेल मंत्रालय की ओर से सचिव, रेलवे बोर्ड रंजनेश सहाय द्वारा यह पुरस्कार ग्रहण किया गया। राजभाषा नीति के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन के परिणामस्वरुप राजभाषा के प्रयोग में बेहतर प्रगति दर्ज करने वाले कार्यालयों को राजभाषा शील्ड देकर सम्मानित किया जाता है।पुरस्कारों का निर्णय राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से सम्बंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आधार पर किया जाता है। समीक्षा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,भा.स.द्वारा की जाती है।

# रेल मंत्रालय द्वारा 'मोबिलिटी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग' पर संगोष्ठी का आयोजन

## कागज रहित अनारक्षित टिकटों की संख्या में ३५,००० प्रतिशत की बढ़ोतरी-रेलमंत्री

प.सू.का./नई दिल्ली। रेल मंत्रालय और रेल सूचना सेवा केन्द्र (सीआरआईएस) ने दिनांकः ०६.०६.२०१८ को नई दिल्ली में 'मोबिलिटी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर पीयूष गोयल ने भारतीय रेल खरीद प्रणाली संबंधी 'आपूर्ति' मोबाइल ऐप भी जारी किया।



पीयूष गोयल ने कहा कि समय आ गया है कि हम भारतीय रेल के आकर्षण को बहाल करें। मेरी दृष्टि में प्रौद्योगिकी के जरिये भारतीय रेल की दशा और दिशा में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रेक, सुरक्षा, सिग्नलिंग, खान-पान, समयबद्धता आदि क्षेत्रों में बदलाव लाने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, कागज रहित अनारक्षित टिकटों की संख्यान २०१४ में १६५ थी, जो पिछले वर्ष बढ़कर ६७,००० हो गई। यह तीन वर्षों में ३५,००० प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जो बहुत उत्साहवर्धक है। उन्होंने बताया कि ७१० रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा दी जा रही है और इस संबंध में मैं रेलकर्मियों के लिए गौरव का अनुभव करता हूं। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य यातायात गिरिश पिल्लई, सीआरआईएस के महानिदेशक मुकेश निगम, रेलवे बोर्ड के महानिदेशक/भंडार वी.पी. पाठक, रेलवे बोर्ड के महानिदेशक/कार्मिक आनंद माथुर, रेलवे बोर्ड में सीएंडआईएस की अतिरिक्त सदस्य सुश्री सुनीरा बस्सी तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे।

संगोष्ठी में सूचना प्रौद्योगिकी के तमाम प्रयोगों के बारे में चर्चा की गई। सत्रों के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मोबिलिटी बढ़ाने के लिए कैसे सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस बारे में वक्ताओं ने कई उपायों की जानकारी दी, जिनसे उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे संचालन को प्रभावशाली बनाया जा सकता है।कम्प्यूटरों और सूचना प्रसंस्करण प्रणालियों के अलावा संचार तंत्र भी मोबिलिटी के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आधुनिक प्रौद्योगिकियों के जरिये प्रभावशाली संचार तंत्र खड़ा किया जा सकता है। मोबिलिटी के संबंध में इस संगोष्ठी ने एक शानदार प्लेटफॉर्म के तौर पर काम किया है।आपूर्ति के बारे मेंःभारतीय रेल की खरीद प्रणाली संबंधी 'आपूर्ति' मोबाइल ऐप में भारतीय रेल की संविदा और नीलामी संबंधी गतिविधियों के आंकड़े और सूचना उपलब्ध हैं।

संविदा गतिविधियों के लिए उपयोगकर्ता संविदाओं के प्रकाशन, उनके समापन और खरीद संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।स्क्रैप की बिक्री संबंधी नीलामी गतिविधियों के लिए उपयोगकर्ताओं को आगामी नीलामी, नीलामी कार्यक्रम, बिक्री शर्तो, नीलामी के लिए उपलब्ध सामग्रियों, नीलामी इकाइयों की जानकारी मिलेगी। आईआरपीएस की विवरणिका भी ऐप पर उपलब्ध है। ऐप में उपयोगकर्ताओं के फीड-बैक की भी जानकारी मिलेगी, जिससे ऐप में लगातार सुधार करने में सहायता होगी।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# कुंभ मेले को देखते हुए बढ़ाई जाएंगी रेल सुविधाएं- रेलमंत्री

रे.स.ब्यू./संवा.लखनऊ। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में रेल के जरिए एक नए विकास की कहानी लिखी जा रही है। लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान रेल के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। उन्होने कहा कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही रेल को आधुनिकतम तकनीक से जोड़ा गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले एक वर्ष में रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। रेल को रोजगार का एक बड़ा माध्यम बताते हुए रेल मंत्री ने कहा कि जब रेल का विकास होता है तो रोजगार के नए नए अवसर पैदा होते हैं। लखनऊ में गोमती नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की चर्चा करते हुए गोयल ने कहा कि इसे एक बड़े टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ ही साथ इसे तकनीकी दृष्टि से भी सम्मुनत बनाया जा रहा है। स्वचालित सीढ़ी और वाई-फ़ाई जैसी सुविधाओं के अलावा स्टेशन के करीब एक मॉल और होटल भी बनाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि कुंभ मेले को देखते हुए रेल सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। रेल मंत्री ने गोमती नगर रेलवे स्टेशन के पुन नर्माण कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रेलमंत्री ने ऑरडीएसओ के कामकाज की भी समीक्षा की। इससे पहले रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कुंभ मेला वेबसाइट और एक सोशल मीडिया एप का भी विमोचन किया।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ''कायाकल्प अवार्ड'' का वितरण

रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह द्वारा दिनांकः १२.०६.२०१८ को लखनऊ में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अर्न्तगत चिकित्सालयों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किये गए ''कायाकल्प अवार्ड'' का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री डा० महेन्द्र सिंह के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग रीढ़ की हड्डी होता है। ऐसे में यदि रीढ़ की हड्डी मजबूत नहीं की जाएगी तो स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाएं धरातल पर आम जनमानस को ज्यादा से ज्यादा लाभ नहीं पहुंचा पाएंगी। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी के हिसाब से डॉक्टर्स की संख्या कम है। इसके बावजूद प्रदेश के डॉक्टर्स अच्छा काम कर रहे हैं।

# "Swachhta Hi Sewa – Pakhwara" Cleanliness Campaign

**RSB/Secunderabad: South Central Railway will undertake "Swachhta Hi Sewa –Pakhwara" cleanliness campaign on its network comprising of six divisions– Secunderabad, Hyderabad, Vijayawada, Guntur, Guntakal and Nanded from 15th September to 02nd October, 2018. The fortnight long cleanliness drive being held all over Indian Railways is meant to make a visible difference to the cleanliness standards of Railway stations and trains. Keeping the significance of the event, which is basically connected to Swachh Rail– Swachh Bharat campaign of the Ministry of Railways and Government of India, NGOs/ Charitable Institutions/Schools etc., are also requested to associate in the program, by approaching the respective Station Managers. The programs planned during the fortnight include awareness on maintaining cleanliness, cleanliness dialogue with public and in-house, clean stations campaign, clean trains campaign, clean workplace campaign, clean residential premises campaign, clean food campaign, clean water campaign, clean toilets campaign, community day and a Swachh competition. Special emphasis is being laid on cleanliness of approaches to railway stations, involvement and cooperation of various stake holders including NGOs, charitable organizations, schools, railway staff and their families and other general public towards physical contribution in the cleanliness drive and to create awareness on cleanliness.**

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा, कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान संपादक

सम्पादकीय

## जेबों को जलाती तेल की कीमतें

जेबों को जलाती तेल की कीमतें लगभग रोज ही नए-नए रेकॉर्ड बनाती जा रही हैं। मजे की बात यह है कि मौजूदा सरकार में इस सवाल पर एक गजब निश्चिंतता दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार का कोई मंत्री समय-समय पर आकर ज्ञानवर्धन कर जाता है तेल की चढ़ी कीमतों की वजह अंतरराष्ट्रीय बाजारों से हो रहा है। क्या मौजूदा सरकार की कोई जवाबदेही बनती है या नहीं, और वह इस बाबत कभी कुछ करने की सोचेगी भी या नहीं, इस बारे में को कुछ कहने को तैयार नहीं है। विपक्षी पार्टियां भी अभी तक इस मसले को प्रभावी ढंग से उठाने में नाकाम रही हैं। बहरहाल, इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों का लोगों पर को असर नहीं पड़ेगा। लोकतंत्र में निरंतर तकलीफ बर्दाश्त करते लोगों का धैर्य कब जवाब दे जाएगा, कहा नही जा सकता। मामला सिर्फ मिडल क्लास की भावनाओं का नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगी आग किन-किन सेक्टरों को अपने आगोश मे ले रही हैं, इसका अंदाजा सरकार को जरूर होगा।

डीजल की महंगाई खेतों और किसानों का भट्ठा तो बिठा ही रही है, अपितु रेलवे का बजट, ट्रकों का चलना भी मुश्किल बना रही है है। ऐसे में सरकार केवल यह दलील देकर कि तेल की कीमतें सरकार नहीं, ऑयल मार्केटिंग कंपनियां तय करती हैं उचित नही है। इन चीजों की जो कीमत हम चुका रहे हैं, उसका बहुत बड़ा हिस्सा केंद्र और राज्य सरकारों की जेब में जा रहा है सच्चाई यही है।

***कीसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।***

## उ०प्र० में वायुसेवा के विस्तार की असीम सम्भावनाए: मुख्यमंत्री

रे.स.ब्यू./सू. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में वायुसेवा के विस्तार की असीम सम्भावनाएं हैं।प्रधानमंत्री ने आमजन को अच्छी व सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध कराने के लिए देश में यू०डी०ए०एन० योजना को संचालित किया है। वर्तमान प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के लिए क त संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए आवागमन की बेहतर कनेक्टिविटी आवश्यक है। मुख्यमंत्री नें अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में स्पाइस जेट एयरलाइंस द्वारा ५ नये वायुमार्गो पर हवाई सेवाओं के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गोरखपुर-बैंगलुरू, वाराणसी-कोलकाता, वाराणसी-बैंगलुरू, कानपुर-मुम्बई और कानपुर-कोलकाता के इन वायुमार्गो पर टिकट बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। अक्टूबर और नवम्बर, २०१८ में इनका संचालन प्रारम्भ हो जाएगा। इस अवसर पर स्पाइस-



जेट एयरलाइंस के ऑफिसर देबाजो महर्षि और एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट पलनी ने सम्मान स्वरूप मुख्यमंत्री को कानपुर-मुंबई तथा वाराणसी- कोलकाता की फ्लाइट के २ बोर्डिंग पास प्रदान किए।

महर्षि द्वारा बताया गया कि कुछ समय पहले तक स्पाइस जेट द्वारा उत्तर प्रदेश से सिर्फ तीन हवाई सेवाएं संचालित की जा रही थी, किन्तु राज्य सरकार की प्रोत्साहन नीति से आकर्षित होकर ४ नए रूट्स पर हवाई सेवाएं पिछले लगभग १ वर्ष में प्रारंभ की गई। आज पांच अन्य रूट्स पर हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की कार्रवाई की गई है।

नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नागर विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत सभी बड़े शहरों में एयरपोर्ट का संचालन कराना सम्मिलित है। राज्य में पहले मात्र लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर में तीन एयरपोर्ट ही संचालित थे। राज्य सरकार की पहल के कारण आगरा, इलाहाबाद तथा कानपुर से व्यावसायिक हवाई सेवाएं प्रारंभ की जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बरेली से भी व्यावसायिक हवाई सेवाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। सात अन्य एयरपोर्ट्स-मुरादाबाद, अलीगांसी तथा सोनभद्र (म्योरपुर) पर विकास कार्य चल रहा है और जल्द ही इन स्थानों से भी व्यावसायिक सेवाएं प्रारंभ की जाएगी।

इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ० महेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव नागरिक उड्डयन एस०पी० गोयल तथा निदेशक नागरिक उड्डयन सूर्य पाल गंगवार, सूचना निदेशक डॉ० उज्ज्वल कुमार तथा स्पाइस जेट के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

## SCR transports around 520 Tonnes of Relief Material to Flood affected areas of Kerala



**RSB/Secunderabad: The initiative of Indian Railways, acting on the directives of Sri Piyush Goyal, Hon'ble Minister of Railways to provide free transport of relief material to the flood affected areas of Kerala state was taken up concertedly by South Central Railway. In a span of 10 days from 20th to 31st August, 2018, the zone has transported a huge 520 tonnes of relief material free of cost to various flood affected areas in Kerala. Vinod Kumar Yadav, General Manager, SCR drew a comprehensive plan of action by undertaking a special mission "Join Hands for Kerala". All the six divisions on the zone– Secunderabad, Hyderabad, Vijayawada, Guntur, Guntakal and Nanded were involved in the task with the Divisional Railway Managers monitoring the same while Shri John Thomas, Additional General Manager, SCR coordinated the entire relief activity and liaised with the District and State administrations of Kerala. The two pronged plan of action of the zone primarily involved activating the entire workforce of SCR to contribute/collect relief and aid material at various locations all over the Zone. Railway Officers, Staff, Railway families, Unions, Associations etc joined hands to collect the entire relief aid, appropriately pack the same and dispatch to identified locations in Kerala. In addition, SCR also lent its total support and cooperation to the State Governments/NGOs/ Voluntary bodies/individuals etc who were involved in the task of contributing relief and aid material to Kerala state, by means of setting up specially designated collection centers at all major Railway stations on the zone, to undertake free transport of the material bound for various District Collectorates of Kerala. In a record of sorts, a total of 171 tonnes of relief material was collected by the Railway Officers & Staff and sent to Kerala. Various Wings of the state government, NGOs, Voluntary bodies, Philanthropic organizations and individuals utilized the free rail transport facility provided by SCR to send 349 tonnes of relief aid material. The Total relief material of 520 tonnes, collected and dispatched in 10 days was booked from various railway stations on all divisions of SCR.The unique aspect of the entire relief reach out exercise under mission "Join Hands for Kerala" was the 24X7 control setup at Head Quarters, Div. and Station level with senior Officers & Supervisors handling the entire work round the clock. The strategy focused on identifying each day requirements of the flood affected people and source/ transport the aid material accordingly. 48 train services were utilized during the 10 day period for transporting the material from various stations on SCR to identified railway stations in Kerala. The Luggage Vans were specifically earmarked to carry the free relief consignment, doing away temporarily with other parcel bookings. The Stations which handled the relief material primarily are Secunderabad, Hyderabad, Kacheguda, Kazipet, Vijayawada, Guntur, Guntakal, Kadapa, Tirupati, Anantapur, Kurnool City and Nanded. The destinations in Kerala included Thrissur, Shoranur, Ernakulam, Chenganur, Kottayam, Kozhikode and Thiruvanantapuram. The relief material comprised of food items including around 75 tonnes of Rice, 5 tonnes of Wheat, Atta, 9 tonnes of Dal, Sugar, Jaggery , Salt, Cooking Oil, Baby Food, Milk Powder, Snacks, Biscuits, Cakes, Fast Food, ORS sachets, Pickle, Vegetables, Grocery items like Tea Powder, Chilli powder, turmeric etc."Back to Home "kits were specially made for the people returning to their homes after the flood fury abated. Amongst the other basic items which were transported are–Medicines, Water Bottles, Water sachets, Towels, Blankets, Bed sheets, Lungies, Nighties, Mattress, House Hold utensils, Sanitary Napkins, Baby diapers, Baby Lotions, Soaps, Tooth Paste & Brushes, Mosquito Coils, Footwear, Stationary items, School kits, pens, candles, match boxes etc.**

**Keeping in view the specific requirements to clean the damaged homes, the relief material collected and transported for the purpose included Gum Boots, Cleaning liquids, brooms, brushes, bleaching powder, Naphthalene balls, Gloves, Masks, Plastic buckets & Mugs etc.**

# पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-२०१८ का शुभारंभ दिनांकः ०४.०९.२०१८ को अपर महाप्रबंधक विद्या भूषण द्वारा सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। अपरिहार्य कारणों से महाप्रबंधक महोदय की अनुपस्थिति में अपर महाप्रबंधक महोदय विद्या भूषण ने उनका संदेश पढ़ा। इस अवसर पर अध्यक्षीय वक्तव्य के रूप में बोलते हुए विद्या भूषण ने कहा कि भारत में विभिन्नता में एकता है और जिस प्रकार रेल पूरे देश को भौगोलिक रूप से एक सूत्र में पिरोती है उसी प्रकार राजभाषा हिंदी सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में जोड़ती है।

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी राकेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल कला समिति के कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई, साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित "वैशाली" पत्रिका के अंक-१६ का विमोचन भी



किया गया। राजभाषा पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण "राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में हिंदी की भूमिका" विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन था। इस गोष्ठी में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. संजय पंकज, यशपाल कुमार,उप. मुख्य इंजीनियर (सामान्य) व डॉ. शैलेन्द्र राकेश ने अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. शैलेन्द्र राकेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश की प्रगति के लिए राष्ट्रभाषा की प्रगति जरूरी है। दुनिया में ६० करोड़ लोग हिंदी भाषी हैं और वह तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है फिर भी संयुक्त राष्ट्रसंघ की आधिकारिक भाषा के रूप में उसे शामिल नहीं किया गया है। यशपाल ने कहा कि हिंदी भारत का हृदय है। देश की आजादी में हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है। डॉ. संजय पंकज ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा हीनता ग्रंथि से उबर कर हिंदी भाषा के वैभव का स्मरण दिवस है। उनका कहना था कि भारत में मात्र एक १.६ प्रतिशत लोगों की भाषा अंग्रेजी है और उस भाषा से हिंदी को डरने की आवश्यकता नहीं है। अपने वक्तव्य में डॉ.पंकज ने हिंदी के ऐतिहासिक विकास के संदर्भ में उल्लेख किया कि हिंदी की ज्यादा सेवा हिंदीत्तर भाषियों ने की है और जब तक सूर, तुलसी और कबीर रहेंगे हिंदी भी रहेगी।

प्रारंभ राजभाषा पखवाड़ा २०१८ का कार्यक्रम १४ सितंबर २०१८ तक चलेगा।इसके अंतर्गत हिंदी कार्यशाला, निबंध प्रतियो-`गिता, हिंदी वाक प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता, कर्मचारी क्विज, अधिकारी क्विज जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। १४ सितंबर २०१८ को राजभाषा पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम होगा। इसके अंतर्गत हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्क त किया जाएगा। इसके अलावा सांस्क तिक कार्यक्रम आदि का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के संचालन करते हुए राजेश कुमार उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने १४ सितंबर २०१८ तक चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से सूचित किया और सभी से आग्रह किया कि राजभाषा पखवाड़ा को सफल और सार्थक बनाने में अपना महत्पवूर्ण योगदान दें।

कार्यक्रम का समापन राजभाषा अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

**अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें प्लेटफार्म पर नहीं**

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में पी.एन.एम.मीटिंग का आयोजन
## यूनियन के पदाधिकारियों ने गिनाई समस्याएं



रे.स.ब्यू./सू.इलाहाबाद।उत्तर मध्य रेलवे मंडल में दिनांक ०५.०९.२०१८ को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में NCRES के साथ पी एन एम (Permanent Negotiation machinery) स्थाई वार्तातंत्र बैठक २०१८ का आयोजन किया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ, अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, एनामुल हक, अनुराग कुमार गुप्ता, मंडल रेलवे चिकित्सालय से डा० राकेश निगम तथा मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं NCRES यूनियन के पदाधिकारियों में महामंत्री आर पी सिंह, मंडल अध्यक्ष मान सिंह. मंडल मंत्री गोविन्द सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं यूनियन पदाधिकारियों का स्वागत किया तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने सभी का स्वागत करते हुए मंडल की उपलब्धियों एवं कर्मचारी हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात NCRES के महामंत्री आर. पी. सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कर्मचारियों के हित एवं कल्याण पर जोर दिया और कहा कि संवाद से समस्या का निदान हो जाता है इसलिए मीटिंग समय पर होनी चाहिए और रेलवे कॉलोनियों को और बेहतर करने एवं पीने के पानी की शुद्धता पर जोर देते हुए रेलवे कॉलोनी की पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया तथा कर्मचारियों की वरिष्ठता एवं प्रमोशन तथा उनके हित पर विशेष जोर दिया।

मंडल अध्यक्ष मानसिंह ने रेलवे आवास खाली होने पर समय से आवंटित करने एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था ठीक करने पर जोर दिया तथा रेलवे अस्पताल में डाक्टरों की संख्या बढाने पर जोर दिया। मंडल मंत्री गोविंद सिंह ने कर्मचारियों की घटती संख्या की ओर ध्यान कराया तथा कर्मचारियों का नियतकालिक स्थानांतरण पर जोर दिया तथा गैंग हटों पर व्यवस्था बेहतर करने पर जोर दिया एवं प्रत्येक स्टेशन पर शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया तथा कर्मचारियों की वरिष्ठता पर ध्यान कराया और अनुकम्पा नियुक्ति में उदारता पर जोर दिया। मंडल से आए हुए अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को अवगत कराया। मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# नांदेड-हज़रत निजामुद्दीन के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./सू. नई दिल्ली। रेलयात्रियों के सुविधा को देखते हुए रेलवे ने नांदेड-हज़रत निजामुद्दीन के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी संख्या ०२४८५/०२४८६ का संचालन शूरू किया है जो कि दिनांक ०६.०९.२०१८ से २८.०२.२०१९ तक प्रत्येक वीरवार को नांदेड से पूर्वाहन ११.०० बजे प्रस्थान करके शनिवार को तड़के ०२.१० बजे हज़रत निजामुद्दीन पहुँचेगी।

वापसी दिशा में रेलगाड़ी संख्या ०२४८६ हज़रत निजामुद्दीन-नांदेड साप्ताहिक स्पेशल (२६फेरे) दिनांक ०८.०९.२०१८ से ०२.०३.२०१९ तक प्रत्येक शनिवार को हज़रत निजामुद्दीन से तड़के ०५.५० बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह ०७.०० बजे नांदेड पहुँचेगी। एक वातानुकूलित २ टीयर, एक वातानुकूलित ३ टीयर, सात शयनयान श्रेणी और दो द्वितीय श्रेणी कम सामान यान के डिब्बों वाली ०२४८५/०२४८६ नांदेड-हज़रत निजामुद्दीन-नांदेड साप्ताहिक स्पेशल मार्ग में पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वासीम, अकोला, इटारसी, भोपाल, झाँसी, और आगरा छावनी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# RailTel Bags Best Social Wi-Fi Award by Digianalysys at My India Wi-Fi Summit 2018




**RSB/New Delhi: RailTel Corporation of India Ltd. has added yet another jewel in its crown by wining the 'Best Social Wi-Fi Project Award' by Digianalysis at My India Wi-Fi Summit 2018.The award was presented in a grand ceremony on 6th September 2018 at New Delhi. RailTel won the award in recognition of it's Rural station Wi-Fi initiative supported by Universal Service Obligatory Fund (USOF) of Department of Telecom, Govt of India. RailTel was entrusted with the work of providing high speed Wi-Fi service at 200 B, D, E & F category stations across India with the utilization of Universal Service Obligatory Fund (USOF) of Department of Telecom. The ideas behind providing Wi-Fi in these stations were to transform the Railway stations into a platform for Digital inclusion for the populations of the nearby areas of those stations. RailTel completed the work of providing Wi-Fi service at 200 B, D, E & F category stations in a span of mere 4 months. The Wi-Fi service is branded under RailWire, RailTel's retail broadband service. These stations see very less footfall yet we have 5 lakh+ and growing monthly logins which speaks volume of the success of the project. We plan to leverage the Wi-Fi systems installed at station to create a larger eco system of digital literacy by opening small kiosks- RailWire Saathi stall- at stations to help people use internet and access various online services. RailTel is a major player in Public Wi-Fi space and RailTel have successfully provided Wi- Fi in 700+ railway stations across India and with more than 8 million users login monthly this network is one of the largest Public Wi-Fi network of the world.**

**Out of these 200 rural (B,D,E,F category) stations were done with the USOF of DoT, 413 large( A,A1 and C category) station Wi-Fi were executed in partnership with Google and 98 more stations were executed by RailTel on it's own. We have plan of further providing Wi-Fi at more railway stations across India.**

**हमारे ग्राहक**

